हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

4 पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय क्विज का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्टीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस मनेन्द्रगढ़ परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के निर्देशन में किया गया। इसमें जिले के समस्त शैक्षणिक अधिकारियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम की रूपरेखा को व्यवस्थित करने में जिला नोडल अधिकारी इरफान खान, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुनीता मिश्रा, सहायक नोडल जसवंत डहरिया, ब्लॉक नोडल संदीप कुमार, व्याख्याता विक्रांत दुबे और शिक्षक श्री कौशल ने मिलकर प्रश्नों का चयन और प्रतियोगिता संचालन किया। कार्यक्रम में सेजेस मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य रामाश्रय शर्मा तथा जिले के समग्र शिक्षा एफएलएन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संतुलित आहार से मिला कुपोषण पर विजय

**मनेन्द्रगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत चैनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा से जुड़ी हितग्राही लालसा कुमारी गर्भावस्था के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र से नियमित सेवाएं प्राप्त करती रहीं। परिणाम स्वरूप 12 जुलाई 2024 को जन्में उनके पुत्र शिवांश का जन्म वजन 2.700 ग्राम रहा। जन्म के बाद पोषण की पर्याप्त देखरेख न होने से शिवांश का वजन धीरे-धीरे कम हो गया। नियमित वजन मापन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन ने पाया कि बच्चा मध्यम कुपोषित श्रेणी में चला गया है।

**पंजीकृत डाक सेवा अब बन गई इतिहास** | 1 अक्टूबर से बदल गई वर्षों पुरानी व्यवस्था, पहले की अपेक्षा देना होगा अधिक शुल्क

# थम गया रजिस्ट्री पोस्ट का सफर, अब केवल स्पीड पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

भारतीय डाक विभाग ने एक डेढ़ शताब्दी से अधिक समय से चल रही अपनी पुरानी रजिस्ट्री पोस्ट सेवा को अब पूरी तरह से बंद कर दिया। पंजीकृत डाक सेवा अब इतिहास बन गई।

मिली जानकारी के अनुसार पंजीकृत डाक सेवा 171 वर्ष से भी अधिक समय तक विभिन्न तरह के कानूनी नोटिस सरकारी दस्तावेजों तथा कई अन्य तरह के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपने गंतव्य तक भेजने के लिए एक विश्वसनीय माध्यम रहा जो कि अब यादों में सिमट कर इतिहास बन कर रह गई। वहीं इसके विकल्प पर अब डाक घरों में नई व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है।

अब उपभोक्ताओं को किसी दस्तावेजों को विश्वसनीय तरीके से गंतव्य तक भेजने के लिए स्पीड पोस्ट विकल्प का उपयोग करना होगा, जिसमें पंजीकृत डाक की अपेक्षा अधिक शुल्क देना होगा।



**स्पीड पोस्ट में कई सुविधाएं :** जानकारी के अनुसार भारतीय डाक विभाग द्वारा शुरू किए गए स्पीड पोस्ट सुविधा में और अधिक सुरक्षा एवं सुविधा में बढ़ोतरी की गई है, जिसका लाभ उपभोक्ता उठा सकेंगे। हालांकि पंजीकृत डाक की अपेक्षा स्पीड पोस्ट सेवा के लिए अपेक्षाकृत अधिक राशि देनी होगी, लेकिन इसमें सुरक्षा अधिक होने के साथ विश्वसनीयता भी अधिक है। इस सुविधा में रियल टाईम ट्रेकिंग एसएमएस और ऑनलाईन बुकिंग जैसी सुविधाएं दी गई है।

### गलत हाथों में नहीं जाएगा दस्तावेज

भारतीय डाक विभाग द्वारा चालू की गई स्पीड पोस्ट सेवा में सुरक्षा और विश्वसनीयता को विशेष ध्यान दिया गया है। इस सेवा में ओटीपी आधारित डिलीवरी सेवा को जोड़ा गया है, इससे कोई भी दस्तावेज या पार्सल प्राप्तकर्ता को तभी सौंपा जाएगा, जब वह अपने मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को डाकिया को बताएगा।

### बढ़ती दरों का बोझ, ग्राहकों पर असर

रजिस्टर्ड पोस्ट के बंद होने और उसे स्पीड पोस्ट में विलय किए जाने के कारण अब डाक भेजने की लागत बढ़ गई है। डाक विभाग ने 1 अक्टूबर से स्पीड पोस्ट की संशोधित दरें लागू कर दी है, जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। स्पीड पोस्ट की नई दरें वजन और दूरी के अनुसार निर्धारित की गई हैं। सामान्य लेटर पोस्ट करने पर करीब 62 रुपए के खर्च आ रहे हैं।

### डाक सेवाओं में तेजी लाना उद्देश्य

विभाग का मानना है कि डिजिटल युग की जरूरतों को देखते हुए डाक सेवाओं को अधिक तेज, सुरक्षित और ट्रैक करने योग्य बनाना आवश्यक हो गया था। भारतीय डाक विभाग ने एक ऐतिहासिक और दशकों पुरानी सेवा को समाप्त करते हुए पारंपरिक रजिस्टर्ड पोस्ट (पंजीकृत डाक) सेवा को पूरी तरह से बंद कर दिया है। डाक विभाग द्वारा लिया गया यह फैसला देशभर के साथ-साथ जिले के आम नागरिक, व्यापारी वर्ग और सरकारी विभागों को सीधे प्रभावित करेगा। रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को अब स्पीड पोस्ट में समाहित कर दिया गया है।

मेगा लिंकेज एवं क्रेडिट कैंप में 99 करोड़ का ऋण स्वीकृत

# अब करोड़पति बनने का सपना देखें: राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला पंचायत परिसर में जिला स्तरीय मेगा लिंकेज एवं क्रेडिट कैंप का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला व जनपद पंचायतों के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंकर्स काफी संख्या में हितग्राही एवं महिला समूहों की सदस्याएं उपस्थित रहीं। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि स्व-सहायता समूहों और बिहान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अब लखपति बनना लक्ष्य नहीं, करोड़पति बनने का सपना देखना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की सराहना की, जिनके परिणामस्वरूप आज को कोरिया जिले की महिलाएं सफलता की नई ऊंचाइयां छू रही हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि हितग्राहियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है, ताकि ऋण अदायगी समय पर हो और भविष्य में भी सहयोग बना रहे। उन्होंने कहा कि इस मेगा बैंक लिंकेज एवं क्रेडिट कैंप का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना, उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि आपने एक-एक सीढ़ी चढ़कर जो मुकाम हासिल किया है, वह अन्य के लिए प्रेरणादायक है। जिले की सभी महिलाएं समूह से जुड़े और आत्मनिर्भर बनें ताकि कोरिया जिला ▶▶ शेष पेज 4 पर



कैंप में पहुंचे विधायक भईयालाल राजवाड़े व अन्य।

### 16 बैंकों ने 99.32 करोड़ स्वीकृत

एलडीएम शैलेश पाठक ने जानकारी दी कि जिले के 16 बैंकों द्वारा कुल 2,123 प्रकरणों में 99 करोड़ 32 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2,015 प्रकरणों में 80 करोड़ 64 लाख रूपए का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक ने सबसे अधिक 402 प्रकरणों में लगभग 25 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया है। लाभार्थियों को बिहान, मुद्रा, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, आदिवासी वित्त आदि योजनाओं के तहत ऋण दिए गए।

# खराब मौसम से रंग रोगन के कार्य प्रभावित

**बैकुंठपुर।** दीपावली पर्व के लिए अब केवल एक सप्ताह का समय शेष बचा हुआ है, लेकिन जिले में वर्तमान तक बारिश बादल के कारण लोगों को अपने घरों की रंगाई-पुताई के लिए बारिश परेशानी बनी हुई है।

अब तक बारिश के मौसम बने रहने के कारण कई लोग अपने घरो की रंगाई-पुताई का कार्य शुरू नहीं किए हैं, जबकि दीपावली पर्व के लिए अब केवल एक सप्ताह का समय शेष बचा हुआ है। एक सप्ताह पश्चात 19 अक्टूबर को छोटी दीपावली तथा 20 को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा, लेकिन अब तक जिले में बारिश की गतिविधियां चल रही, इसके चलते ज्यादातर लोग अपने धरों के रंग-रोगन नहीं करा पा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी बारिश की गतिविधियां बने रहने की संभावना जताई है। इसी बीच लोगों को अपने घरों के रंग-रोगन की तैयारियां करनी होगी। हालांकि चंद दिनों में बारिश की गतिविधि थम जाएगी, इसके बाद तेजी से लोग अपने घरों के रंग-रोगने कराने में जुट जाएंगे। अब तक बारिश की वजह से घरों के पोताई का कार्य गति नहीं पकड़ी है, वहीं दूसरी ओर रंगों के दुकानों में भी अभी रंगाई-पोताई के सामग्री की ज्यादा बिक्री नहीं हो रही है, इसे लेकर वे भी परेशान हैं। मौसम के साफ होने के साथ ही लोगों के द्वारा घरों के रंगाई-पोताई का कार्य शुरू कर देंगे , जिससे कि रंगों के दुकानों में भी खरीदी बढ़ जाएगी।

■ दीपावली के लिए 1 सप्ताह का समय




## खबर संक्षेप



### शासकीय उमावि दलधोवा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**बलरामपुर।** शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला दलधोआ में मुख्यमंत्री शाला गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर के दसवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के उप सरपंच अर्जुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माथुर यादव उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य श्याम लाल गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावक का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं संस्था के प्राचार्य के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण में निहित प्रमुख बिंदुओं को एक-एक करके बच्चों के सामने प्रश्न किया गया जिसमें बच्चों ने पूर्ण सहभागिता निभाते हुए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अर्जुन यादव ने नेवता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवन पाटिल, महेश्वर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल सरहरी में सामाजिक अंकेक्षण



**पोडीमोड़।** सरहरी संकुल के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी में सामाजिक अंकेक्षण संपन्न हुआ। टीम लीडर मनीष कुमार राय एवं संस्था के प्राचार्य दिलीप तिवारी शिक्षक ग्राम वासियों एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष, सदस्य एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण पूरा किया गया। इस अंकेक्षण कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अंकेक्षण कार्यक्रम में टीम लीडर मनीष राय द्वारा छात्राओं की योग्यता का परीक्षण विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से किया गया। समुदाय के लोगों ने भी छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछ कर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए और अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया।

### स्कूली बच्चों को मिला अतिरिक्त पोषण का लाभ, वितरण किया गया फ्रूट जूस




**बिश्रामपुर।** संकुल कन्या बिश्रामपुर अंतर्गत संचालित मिडिल स्कूल शिवनंदनपुर,प्राथमिक कन्या शिवनंदनपुर,मा.शा कन्या शिवनंदनपुर,प्रा.शा बालक शिवनंदनपुर,प्रा.शा झारपारा कुंजनगर,प्रा.शा चोपड़ा बिश्रामपुर एवं मा.शा स्टेशनपारा कुंजनगर एवं प्रा.शा स्टेशनपारा कुंजनगर के 447 बच्चों को युवा साथी फाउंडेशन द्वारा 6 से 9 अक्टूबर तक अभियान चलाकर रीयल फ्रूट जूस वितरण किया गया, साथ ही मध्यान्ह भोजन हेतु अदरक लहसुन पेस्ट, टूथपेस्ट एवं हाजमोला भी सभी विद्यालयों को वितरण किया गया,युवा साथी फाउंडेशन के सदस्य पीयूष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य,स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना व सेवा भावना से प्रधानमंत्री मंत्री शक्ति पोषण योजना से जुडना ताकि बच्चों में पोषण की कमी ना रहे,इस अवसर पर संकुल प्रभारी आशीष भट्टाचार्य के अलावा पंकज कुमार सिंह जनशिक्षक बिश्रामपुर 2 एवं गौरीशंकर पाण्डेय जनशिक्षक कन्या बिश्रामपुर समेत सभी विद्यालय के शिक्षक सक्रिय रहे,जनशिक्षक गौरीशंकर पाण्डेय ने युवा साथी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ सूरजपुर इकाई के पीयूष गोयल,डॉ रजनीश गर्ग,दिव्यांश गोयल,अनीता गर्ग का आभार व्यक्त किया।

### एकलव्य विद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**बलरामपुर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले में संचालित 6 प्रयास एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से कुल 95 रिक्त सीटों पर प्रवेश किया जाना है। जिसमें आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर एवं संबंधित एकलव्य आदर्श विद्यालयों में मंगाया गया था। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत प्राप्तांको के आधार पर कक्षावार मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है।

### चोरों ने घर के परछी से ले उड़े बाइक

**अम्बिकापुर।** आकाश ठाकुर आ. स्व. बल्लू ठाकुर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 7 अक्टूबर की शाम घर के परछी में बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 4653 को खडा करने के पश्चात भोजन कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शासन ने दी 4 विद्युत उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति

# लुण्ड्रा व उदयपुर ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं होगी अब लो-वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लंबे समय से लो-वोल्टेज सहित अन्य विद्युत समस्याओं से जूझ रहे विकासखण्ड लुण्ड्रा के दूरस्थ ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए शासन ने 3 अतिरिक्त विद्युत उपकेन्द्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। सब कुछ अनुकूल रहा तो एक पखवाड़े के भीतर विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

**खास बात**
- मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकासखण्ड से होगा 16 करोड़ का निर्माण

विकासखण्ड लुण्ड्रा की भागौलिक परिस्थितियों एवं विरल बसाहट के कारण पूर्व में लम्बी दूरी तक विद्युत लाइन का विस्तार किया गया था। समय बदलने के साथ ही अब लुण्ड्रा ब्लॉक के दर्जनों गांवों में बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती हो रही है। सब्जियों की खेती के लिए कृषकों ने बड़े पैमाने पर कृषि पंप लगाए हैं। दूसरी तरफ लुण्ड्रा में लगातार क्रशर व्यवसाय का विस्तार हो रहा है। आए दिन नए-नए क्रशर लग रहे हैं जिससे विद्युत खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। विद्युत खपत में अत्याधिक वृद्धि होने के कारण दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विद्युत लाइन लम्बी होने के कारण बरसात एवं गर्मी के दिनों में आए दिन खराबी आने एवं लम्बी दूरी की विद्युत लाइन में आई खराबी को दूर करने में काफी समय लग जाता है। ग्रामीणों की समस्या के निराकरण के लिए विद्युत अधिकारियों ने क्षेत्र का अध्ययन किया तो लंबी दूरी की विद्युत लाइन एवं आवश्यकता के अनुरूप विद्युत उपकेन्द्र नहीं होने की बात सामने आई। विभाग ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए शासन को दो नए विद्युत उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से 10 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत भफौली एवं उदयपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बासेन में नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए 6 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए विभाग द्वारा निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्युत अधिकारी एक पखवाड़े में निर्माण कार्य प्रारंभ करने की उम्मीद जता रहे हैं।



### दो उपकेंद्रों से होती थी आपूर्ति

विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में ब्लॉक मुख्यालय धौरपुर एवं लुण्ड्रा में विद्युत ब्लॉक की सीमा जशपुर, लखनपुर, राजपुर एवं शंकरगढ़ से सटे होने के कारण दूरस्थ गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए लम्बी दूरी की विद्युत लाइन का विस्तार किया गया। वन क्षेत्र के बीच से गुजरने के कारण विद्युत लाइन में आए दिन फाल्ट आता है। टोला-पारों की लम्बी दूरी की बसाहट के कारण विद्युत लाइन की दूरी और अधिक बढ़ गई है। कृषि पंप एवं क्रशर उद्योगों के विद्युत लोड को नियंत्रित करने विभाग ने ग्राम पंचायत ककनी एवं तुरिया बीरा में नया विद्युत उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से ग्राम पंचायत बफौली में भी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। तीन नए विद्युत उपकेन्द्र बनने से विद्युत लाइन की लंबाई कम हो जाएगी तथा लाइन में आई तकनीकी खामियों का निराकरण कम समय में किया जा सकेगा। नए उपकेंद्रों के बनने से लो-वोल्टेज की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग ने चसकपुर राजपुर के रास्ते धौरपुर तक 33 केवीए विद्युत लाइन का विस्तार भी किया है जिससे विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार आया है।

### अन्य क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ

योजनान्तर्गत विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बासेन में भी नया विद्युत उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में उदयपुर से कोरबा जिले की सीमा से सटे गांवों तक विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है जिसके कारण दर्जनों गांवों में लगे वोल्टेज की समस्या होती है। शासन के योजनान्तर्गत ग्राम बासेन में भी नया विद्युत उपकेन्द्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। नए विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण होने से लखनपुर के कुंवरपुर, नवापारा, लटोरी एवं चांदों फीडर का विद्युत लोड कम होगा जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

### चल रही टेंडर की प्रक्रिया

नए विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। उपकेंद्र निर्माण के लिए स्थल चयन कर लिया है।
**-रोशन नागवंशी**, ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

# अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन में एलएचबी कोच की सुविधा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन के बाद रेल प्रबंधन ने अब जबलपुर अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन को अपडेट कर एलएचबी कोच की सुविधा प्रदान कर दी है।

- यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित व आरामदायक हुई यात्रा, बर्थ संख्या में भी होगी वृद्धि

बता दें कि यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रबंधन निरंतर प्रयास कर रहा है,इसी क्रम में रेलवे द्वारा गाड़ियों में पुराने पारंपरिक कोचों के स्थान पर नई तकनीक से निर्मित लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी)कोच लगाए जा रहे हैं, जो अधिक सुरक्षित,आरामदायक तथा उच्च गति के अनुरूप हैं।इसी क्रम में गाड़ी संख्या 11265/11266 जबलपुर–अम्बिकापुर–जबलपुर एक्सप्रेस को जबलपुर से 9 अक्टूबर से तथा अम्बिकापुर से 10 अक्टूबर से एलएचबी कोचों के साथ संचालित किया जा रहा है।

एलएचबी कोचों के समावेश से यात्रियों को जहाँ यात्रा के दौरान बेहतर सुरक्षा एवं आराम का अनुभव होगा,वहीं सीटों की संख्या में भी वृद्धि हुई है,इस बदलाव से गाड़ी में कुल 93 अतिरिक्त बर्थ की सुविधा यात्रियों को पहले के मुकाबले अधिक उपलब्ध होगी।इस एक्सप्रेस ट्रेन की अलग -अलग कोच बर्थ में एसी 3 टियर में 8 बर्थ संख्या में वृद्धि,चेयर कार में 5 सीटों की वृद्धि,तथा

### स्लीपर श्रेणी में 80 बर्थ की वृद्धि होगी

इस प्रकार अधिक संख्या में यात्रियों को अब कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अवसर मिलेगा।रेल प्रबंधन के मुताबिक नए एलएचबी कोचों के उपयोग से न केवल यात्रा अनुभव बेहतर होगा बल्कि रेलवे की सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों में भी सुधार होगा।

## विधायक शकुंतला ने किया एनीकट निर्माण का भूमि पूजन



**प्रतापपुर।** दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत जजावल में जल संसाधन विभाग द्वारा बिंदु नदी में एनीकट निर्माण लागत 298 लाख का भूमि पूजन मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा किया गया।

विधायक ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि काम की गुणवत्ता में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों खुशहाली के लिए सरकार ने यह काम करवाया है और बहुत प्रयासों के बाद बड़े काम आते हैं। जजावल की जनता को यह कार्य समर्पित है। एनिकट निर्माण होने से किसानों को लाभ होगा। विकास कार्य को तेज गति से करते हुए आम जनता की समस्या को त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, चंद्रदेव सिंह, विद्यनाथसिंह, रामावतार सिंह, सुदामा राम यादव, सूरज प्रसाद संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



चिटफंड कंपनी के माध्यम से सरगुजा के भोले भाले ग्रमीणों की करोड़ो रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। कंपनी में लोगों से पैसे इन्वेस्ट कराकर ठगी करने वाले दो संचालकों को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के कलकत्ता से गिरफ्तार किया है जबकि इस प्रकरण में शामिल एक आरोपी की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

- वर्ष 2011 में संचालित थी चिटफंड कंपनी, कलकत्ता से पकड़े गए आरोपी

बताया जा रहा है कि शहर में पश्चिम बंगाल कलकत्ता के रफी अहमद किदवई रोड निवासी अनुकूल मैती, कनिका मैती और स्वप्न राय द्वारा केदारपुर में मेगा मोल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी का संचालन किया जा रहा था। वर्ष 2011 से संचालित इस कंपनी आरोपियों ने कंपनी में पैसा लगाने पर दो गुना करने का लालच देकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से पैसे जमा कराए गये। आरोपियों ने गांव में एजेंट नियुक्त कर लोगों को अपने जाल में फंसा और लाखों रुपए का इन्वेस्ट कराकर आई कोर रिजु सिमेंट लिमिटेड, आर्ड कोर ई-कॉमर्स, आई कोर अपारेयल, आई कोर मेगा गोल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी इत्यादि के खाते में पैसा जमाकर पावती रशीद एवं डिवेयर सर्टिफिकेट दिया गया था। इसी कंपनी के झांसे में आकर मूलतः बलरामपुर कोरंधा हाल मुकाम गोधनपुर निवासी फुलेश्वरी बुनकर ने भी 5 लाख रुपए 15 फरवरी 2011 को किया था लेकिन बाद में कंपनी लोगों के करोड़ो रुपए लेकर फरार हो गई थी। चिटफंड कंपनी द्वारा की गई ठगी के मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 420, 34 व छग निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2000 की धारा 10 तथा इनामी चिट फंड धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 की धारा 4,5,6 के तहत अपराध दर्ज किया था। चिटफंड कंपनी के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश एसएसपी राजेश अग्रवाल ने दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर लखनपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान पुलिस ने कलकत्ता जाधवपुर निवासी 56 वर्षीया कनिका मैती पति स्व. अनुकूल मैती, परगना रामनगर निवासी 55 वर्षीय स्वप्न राय आ. पुनी भूषण राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही प्रकरण का मुख्य आरोपी अनुकूल मैती की वर्ष 2020 में ही मौत हो गई थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक केके यादव, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक सेंगर, सउनि निशिकांत एक्का, प्रधान आरक्षक रुस्तम सिंह, महिला आरक्षक अमरावती राजवाड़े, मनीता तिग्गा, आरक्षक शिव राजवाड़े, जगेश्वर बघेल, असलम अंसारी, राकेश एक्का सक्रिय रहे।



### गर्भवती होने के बाद किया शादी से इनकार आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने के बाद शादी करने से मना करने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पस्ता थाना अंतर्गत डवरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय एडगी ने उसे शादी का झांसा देकर लगातार 8 महीनों तक शारीरिक संबंध बनाया। युवती अब 6 माह की गर्भवती है। युवती ने जब शादी की बात की तो उसने इनकार कर दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने डूमरखोल निवासी 21 वर्षीय अजय एडगी आ. सहजू एडगी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## विधायक पैकरा के प्रयासों से कुसमी बिनगंगा जलाशय को मिली 25 करोड़ 41 लाख की स्वीकृति

**कुसमी।** विकासखंड कुसमी अंतर्गत रातासिली ग्राम के समीप बिनगंगा जलाशय योजना जो पूर्व में राशि के बगैर अधूरा पड़ा हुआ था। इस जलाशय योजना के निर्माण हेतु विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की प्रयासों से 25 करोड़ 41 लाख 42 हजार रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।



ज्ञात हो कि इस जलाशय के निर्माण हो जाने पर क्षेत्र के किसानों को आसानी से खेती करने हेतु पानी उपलब्ध हो पाएगी और किसान आत्मनिर्भर होते हुए आर्थिक स्थिति से मजबूत हो सकेंगे। जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाने पर क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। उम्मीद है कि शासन द्वारा जल्द ही जलाशय योजना के निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर जलाशय के अधूरे कार्य को पूर्ण कर लिए जाएंगे।

# वाहन फाइनेंस कराने के नाम पर 43 लाख रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** वाहन फाइनेंस कराने पर ईएमआई जमा कराने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने लोगों से कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराया लेकिन ईएमआई और ब्याज की राशि जमा नहीं की। जब लोगों को बैंकों से नोटिस पहुंचने शुरू हुए तो ठगी का खुलासा हुआ। अब तक 43 लाख रुपए की ठगी होने की बात सामने आई है जबकि ठगी की रकम बढने की बात कही जा रही है।

- एनवी ग्रुप कंपनी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रेमनगर निवासी संजय कुमार एक्का समेत अन्य लोगों ने गांधीनगर थाना में शिकायत दी थी कि विष्णु राम प्रजापति और निकुंज गुप्ता द्वारा एनवी ग्रुप के नाम से कंपनी का संचालन किया जाता था। कंपनी द्वारा अम्बेडकर चौक में एनवी ग्रुप का कार्यालय भी खोला गया था। इस दौरान संचालकों ने लोगों को झांसा दिया कि वे वाहन फाइनेंस कराने का काम करते है और उनका एनवी ग्रुप रियल स्टेट का कारोबार भी है जिससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा होता है। इस दौरान लोगों को बताया गया कि वे कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराएंगे और फाइनेंस की रकम का आधा पैसा कंपनी में जमा करेंगे तो कंपनी ईएमआई का भुगतान करेगी और कुछ माह तक जमा रकम पर 2 प्रतिशत का ब्याज भी देगी। एनवी ग्रुप के फर्जी स्कीम के झांसे में आकर लोगों ने अपने वाहन फाइनेंस कराए और कंपनी को पैसे भी दिए। आरोप है कि कंपनी में राशि जमा कराने के बाद भी कंपनी ने वाहनों के फाइनेंस का ईएमआई जमा नहीं किया। जब उन्हें बैंकों से ईएमआई जमा करने के लिए नोटिस मिलना शुरू हुआ तो उन्होंने कंपनी से सम्पर्क लिया। पहले तो कंपनी के संचालक टालमटोल करते रहे लेकिन मई 2025 में उन्होंने ईएमआई जमा करने और राशि वापस करने से मना कर दिया। कंपनी में फिलहाल शिकायतकर्ता संजय एक्का ने 14 लाख 20 हजार रुपए, गांधीनगर निवासी राजू कुमार 5 लाख रुपए, जशपुर दुलदुला निवासी सुनील बघेल 6 लाख 20 हजार रुपए, बगीचा निवासी कमलेश भगत ने 1 लाख रुपए, गांधीनगर निवासी आलोक सिंह 8 लाख 65 हजार रुपए, अशोक कुमार 5 पांच 90 हजार रुपए, लैलूंगा निवासी कौशल कृष्ण यादव ने 2 लाख रुपए में जमा किए। मामले में पुलिस ने एनवी कंपनी के संचालक विष्णु राम प्रजापति और निकुंज गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस की जांच में ठगी की रकम बढ़ भी सकती है।

### अभियंता संघ ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने पावर कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन एवं ट्रांसमिशन विंग में कनिष्ठ यंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों की पदोन्नति नीति में सुधार सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। संघ ने प्रबंधन को पत्र भेजकर कहा है कि यदि मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो वे अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करने को बाध्य होंगे। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष बीबी जायसवाल ने बताया कि कई बार की द्विपक्षीय चर्चाओं और ज्ञापनों के बावजूद प्रबंधन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ सदैव कंपनी हित में कार्य करता रहा है।

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। नवविवाहिता की अस्पताल लाते समय जबकि ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुन्दरपुर निवासी सोमार साय आ. स्व. जयमंगल (49 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 6 अक्टूबर को नशे की हालत में पत्नी व बच्चों से गाली-गलौज कर रहा था और कुछ समय बाद घर में रखे कीटनाशक को पी लिया।

परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। दूसरी घटना में सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम खडार निवासी कल्पना पति अजय कुमार तिर्की (17 वर्ष) बुधवार की शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवविवाहिता की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया परिजन ने पुलिस को बताया कि अगल-बगल गांव के होने के कारण दोनो एक दूसरे को पसंद करते थे जिसके बाद दोनों परिवार की सहमति से विवाद कर दिए। विवाह के बाद वह पति के साथ किराए के मकान में रायपुर में रहती थी।

## मार्ग से यात्री बस सहित अन्य वाहन सवार करते हैं आवागमन

# सूरजपुर को जोड़ने वाली शॉर्टकट सड़क कीचड़ में तब्दील, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



सूरजपुर को जोड़ने वाली एकमात्र गुमगरा-कन्दरई मार्ग इन दिनों लगातार बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से कच्ची सड़क पर डामरीकरण की मांग कर रहे है बावजूद इसके आज तक ग्रामीणों पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी। जबकि इस मार्ग से यात्री बस सहित अन्य वाहनों के अलावा बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। यह मार्ग सरगुजा-सूरजपुर को जोड़ने वाली गुमगरा जमदई सड़क गुमगरा से जंगल के रास्ते सूरजपुर जाने के लिए यह मार्ग शॉर्टकट है। लगभग 10-12 किलोमीटर की कच्ची सड़क है जिसे आज तक पक्की सड़क नहीं बनाई गई है। लखनपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमगरा जंगल के बीच में नहर निकला है जो सूरजपुर जिले के कन्दरई तक सीधे जोड़ता है।नहर के समीप से गुजरने वाली सड़क शॉर्ट कट होने के कारण हर समय व्यस्त होता है और बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। सूरजपुर जाने के लिए एक मात्र शाटकट मार्ग है जिससे लखनपुर क्षेत्र से सूरजपुर जाने के लिए यात्री बस के अलावा अन्य वाहन सवार इस मार्ग का उपयोग करते है। कुंवरपुर बांध से निकली नहर विश्रामपुर रेड नदी तक पहुचता है। गुमगरा, जमदई, कन्दरई, पेंडरखी होते हुए विश्रामपुर तक जाता है परंतु नहर के समीप कच्ची सड़क होने से मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

### करना पड़ता है 35 किमी की अतिरिक्त दूरी तय

बरसात में समय गुमगरा जंगल मार्ग से कन्द्रई तक के लगभग 12 किमी कच्ची सड़क होने के कारण सड़क से आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है जिससे आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सूरजपुर जाने लिए महंगई, मानी चौक होकर जाना पड़ता है जिससे लगभग 35 किमी अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है।

### करेंगे प्रयास

सूरजपुर को जोड़ने वाली कच्ची सड़क के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रस्ताव बनाकर नहीं दिया गया है। प्रस्ताव बनाकर देंगे तो प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। नहर किनारे की सड़क को बनाने का प्रयास किया जाएगा।
**-डॉ. स्वेच्छा सिंह**
जनपद सीईओ लखनपुर


# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH









## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863**

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू के निर्देशानुसार सरगुजा संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच शिविर का आयोजन 7 से 11 अक्टूबर तक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, सलका जिला कोरिया में किया गया। शिविर का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में हुआ। मुख्य परीक्षक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) नागेश्वर साहू, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) जेरमिना एक्का, जिला प्रशिक्षण आयुक्त एमसीबी शांतनु कुमार कुर्रे तथा गाइडर इग्नेश दास ने संयुक्त रूप से जिम्मेदारी निभाई। इस शिविर में सरगुजा संभाग के 5 जिला कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, जशपुर एवं बलरामपुर से 42 स्काउट्स और 39 गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के गरिमामय उपस्थिति में हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट निर्माण के स्तंभ हैं। शिविर संचालक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन एवं शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्काउटिंग के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। जब सेवा, अनुशासन और राष्टप्रेम जीवन का हिस्सा बन जाते हैं, तभी व्यक्ति सच्चे अर्थों में समाज और राष्ट की सेवा कर पाता है।

### नेबुलाइजेशन के नाम पर 250 की वसूली

**मनेन्द्रगढ़।** केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ हसदेव क्षेत्र में उपचार के नाम पर अनुचित धन वसूली का मामला सामने आया है। ग्राम केल्हारी निवासी नागेन्द्र केवट ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी है। इसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी राजकुमार पटेल पर उपचार के दौरान 250 लेने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में बताया गया है कि नागेन्द्र केवट अपने पुत्र दिव्यांशु केवट को लेकर 6 अक्टूबर को अस्पताल गए थे। डॉक्टर पीके सिंह ने बच्चे को नेबुलाइजेशन कराने के निर्देश दिए। नागेन्द्र ने बताया कि कैजुअल्टी विभाग में नेबुलाइजेशन कराने के बाद कर्मचारी राजकुमार पटेल ने 250 रूपए की मांग की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण शिकायतकर्ता ने 150 नकद दिए और शेष 100 ऑनलाइन भुगतान किया। उन्होंने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और छग शासन के स्वास्थ्य मंत्री को भी भेजी है।

### सशक्तिकरण की मिशाल बनीं सेमवती

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के ग्राम कछौड़ की रहने वाली सेमवती सिंह आज महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की जीती-जागती मिसाल बन चुकी हैं। एक साधारण ग्रामीण महिला से लेकर बैंकिंग सेवाएं गांव-गांव पहुंचाने वाली बीसी सखी बनने तक की उनकी यात्रा बेहद प्रेरणादायी है। वर्ष 2017 में सेमवती ने जय मां जगदम्बा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी नई शुरूआत की।

### बीते वर्ष 9.69 लाख क्विंटल धान की हुई थी खरीदी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने खरीफ वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन कार्य में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। खरीफ वर्ष 2023-24 में जिले में कुल 14 समितियों के माध्यम से 24 उपार्जन केन्द्र संचालित किए गए थे। उस दौरान 18,061 किसान पंजीकृत हुए, जिनका कुल रकबा 24,199.93 हेक्टेयर था। इसमें जिले का खरीदी लक्ष्य 8.55 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया था, जिसमें 14,676 किसानों ने अपनी उपज बेचकर सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाया। इस अवधि में कुल 8.65 लाख क्विंटल धान खरीदी गई और खरीदी गई धान की कुल राशि 18,892.37 लाख रूपए रही।

## नगर में संघ का शताब्दी उत्सव, सैकड़ों स्वयंसेवक हुए शामिल

# पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगर

ध्वज प्रणाम, शस्त्र पूजन और प्रेरक उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ विजयादशमी उत्सव। जिले के नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बीते दिवस भव्य विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध पंक्तियों में शामिल हुए। पथ संचलन खेल मैदान बाजारपारा से प्रारंभ होकर कामता चौक, मुख्य बस्ती, नगर स्कूलपारा, पटेलपारा, ठिहाईपारा होते हुए पुनः खेल मैदान बाजारपारा पहुंचकर संपन्न हुआ। जहां बाजारपारा चौक पर जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े एवं संगीता गुप्ता के साथ मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा किया।

कामता चौक पर योग स्पोर्ट क्लब की बहनों ने मातृशक्ति समूह के साथ पुष्प वर्षा किया, वहीं हर चौक चौराहों, मुख्य बस्ती में घर-घर सैकड़ों महिलाएं स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम एवं शस्त्र पूजन से किया गया। मुख्य वक्ता शंकर साव प्रांत धर्मजागरण समन्वय छग ने अपने उद्बोधन में कहा कि विजयादशमी संघ का स्थापना दिवस है। 1925 में डॉ. हेडगेवार ने महाराष्ट में संघ की स्थापना को थी। आज 100 वर्ष पूरे होने पर संघ के कार्यकर्ता पूरे देश-विदेश में सेवा कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में संघ का कार्य 100 से अधिक देशों में और प्रत्यक्ष रूप से 40 देशों में संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक होना गर्व की बात है और संघ का कार्यकर्ता समाज के हर क्षेत्र में सेवा राष्ट निर्माण के कार्यों से जुड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि भारत माता समय-समय पर संतों, महापुरुषों और वीरांगनाओं को जन्म देती रही है। डॉ. हेडगेवार बचपन से ही देशभक्त थे और अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते रहे। संघ का इतिहास त्याग, तपस्या और संघर्ष से भरा हुआ है। श्री साव ने पंच परिवर्तन पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, छुआछूत का उन्मूलन, भारतीय परंपराओं के अनुसार उत्सव मनाना, स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग और बच्चों की अच्छे संस्कार देना जीवन में उतारना चाहिए। 1963 चीन भारत युद्ध के दौरान जब देश की सेनाएं सीमा पर तैनात थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के आह्वान पर हजारों स्वयंसेवकों ने गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित हुए। उन्होंने समाज से भी आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को शाखा में भेजकर अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाएं, क्योंकि संघ को केवल अखबारों, टीवी और सोशल मीडिया से नहीं समझा जा सकता, बल्कि इसके लिए शाखा से जुड़ना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक श्रीकृष्ण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि उप सरपंच उमझर शुकवाजर पंडों ने की। कार्यक्रम में प्रांतीय अधिकारी दीपक रामजी, खंड कार्यवाह नवनीत कुशवाहा , सह खंड कार्यवाह सुरेन्द्र राजवाड़े, खंड शारीरिक प्रमुख रविशंकर प्रजापति, जिला किसान कार्य प्रमुख राजेन्द्र राजवाड़े, मंडल कार्यवाह राजू मिश्रा, मंडल पालक परमेश्वर राजवाड़े, वरिष्ठ नागरिक रामकृष्ण शर्मा, शिवप्रसाद राजवाड़े, जगतबली, राकेश सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक,गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशांत राजवाड़े, भूपेन्द्र राजवाड़े एवं नगर मंडल पालकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक अंकुश दास, प्रार्थना प्रमुख अर्पित गुप्ता, सुभाषित सूरज, अमृत वचन ,किशन तथा एकल गीत प्रस्तुतकर्ता अंकुश दास ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आत्मरक्षा कराटे की प्रस्तुति राजेन्द्र राजवाड़े की टीम एवं मंच संचालन राजेन्द्र एवं आभार बिजेन्द्र नाविक ने की।



पथ संचलन करते स्वयंसेवक।

## गर्ल्स कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला अस्पताल से क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन कुमार, साइको सोशल वर्कर पुलेन्द्र कुमार मोहल्ले एवं साइकाइट्रिक काउंसलर सुश्री शीबा अठावले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर डॉ. सुमन कुमार ने तनाव प्रबंधन विषय पर छात्राओं और प्राध्यापकों से संवाद करते हुए बताया कि सीमित मात्रा में अच्छा तनाव व्यक्ति को प्रेरित करता है, लेकिन अधिक समय तक रहने पर यही तनाव मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तनाव अवसाद और आत्मघाती विचारों का कारण बन सकता है, इसलिए सकारात्मक सोच और संतुलित जीवनशैली अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती कनकलता पैकरा विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग एवं रेडक्रॉस प्रभारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं मंच संचालन का दायित्व भी निभाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की लगभग 235 छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य भारत सिंह, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल सहित अन्य शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व दृष्टि दिवस पर खड़गवां में जागरूकता कार्यक्रम




**खड़गवां।** राष्टीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व दृष्टि दिवस 2025 के अवसर पर शुक्रवार को जिले के सभी विकासखंडों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष की भांति नेत्र स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे तथा सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र रॉय के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन का दायित्व जिला नोडल अधिकारी डॉ. उमा खपड़े एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भाषिता साहू ने संभाला। इस अवसर पर जिला सहायक नोडल अधिकारी रामकरण साहू, नेत्र सहायक अधिकारी वीरेन्द्र साव, आरडी दीवान, रजनीश, आरएस चेचाम एवं दशरथ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों और आमजन को नेत्र सुरक्षा के उपायों और सामान्य नेत्र रोगों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि मधुमेह, मोबाइल और कंप्यूटर के अत्यधिक उपयोग तथा बदलती जीवनशैली के कारण मायोपिया, एम्ब्लायोपिया और आंखों के सूखेपन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। मधुमेह से पीड़ित रोगियों को हर छह माह में नियमित नेत्र जांच कराने की सलाह दी गई।

## लैंगिक असमानता विषय पर कार्यशाला




**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभाग एवं विद्यार्थी सहायता, मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक असमानता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिला एवं पुरूष दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लैंगिक असमानता को समाप्त किए बिना किसी भी समाज का संतुलित विकास संभव नहीं है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. नरेश गौतम विभागाध्यक्ष सोशल वर्क रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर ने कहा कि लैंगिक असमानता केवल सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक दृष्टिकोण की भी समस्या है। उन्होंने शिक्षा को लैंगिक समानता का प्रमुख साधन बताते हुए कहा कि जब तक शिक्षा में समान अवसर नहीं दिए जाते, तब तक समानता का सपना अधूरा रहेगा। आयोजन सचिव एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सुमित कुमार डे ने कहा कि समाज में महिला और पुरूष के बीच किसी भी प्रकार का विभेद नहीं होना चाहिए। महिला को पुरूष के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर एक सशक्त नारी के रूप में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष बिक्की राम ने कहा कि आज भी ग्रामीण समाज में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में समानता और सम्मान का वातावरण निर्मित करें। कार्यक्रम का संचालन बिक्की राम ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. पवन कुमार उपाध्याय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, सुमित मिश्रा, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, सह-संयोजक विजय कुमार, मो. अमजद, दीप्ति केरकेट्टा और रिचा चेलकर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लेते हुए लैंगिक समानता पर अपने विचार और अनुभव साझा किए।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर संस्था प्रबंधन के निर्देश एवं मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया, साथ ही साथ छठवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में एक प्रेरणाजनक अंगविक्षेप नृत्य का प्रदर्शन किया गया एवं द्वितीय राज्य स्तर सम्मेलन जो शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अंबिकापुर के द्वारा ऑडिटोरियम राजमोहिनी देवी कृषि और शोध महाविद्याल अजिरमा अंबिकापुर में आयोजन किया गया। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छठवे और सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिका ट्यूटर सुधालता यादव एवं रजनी शर्मा सम्मिलित हुए। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का थीम- अक्सेस टू सर्विसेस मेंटल हेल्थ इन केटासट्राफ्स एंड इमरजेंसीज जिसका मतलब सेवाओं तक पहुंच आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य है। यह थीम मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को आपातकालीन और आपदा की स्थिति में सुलभ बनाने पर केन्द्रित हैं, इससे न केवल व्यक्तियों को बल्कि संगठनों और समुदायों को भी लाभ होता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का उद्देश्य विश्व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके समर्थन में प्रयास करना है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की नर्सिंग संस्था में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की जानकारी समस्त शिक्षकों, अन्य कर्मचारी व सभी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। कार्यशाला में विशेष बिंदुओं पर जानकारी दी गई ,इसमें मानसिक रोग से बचने के लिए खुल कर बातें करना, अपने मन की बातों को एक दूसरों को बताना, किसी भी चीज को लेकर ज्यादा तनाव में न आना, ध्यान केन्द्रित करना, नशीली दवाओं का सेवन न करना एवं अपने खान-पान पर ध्यान देना इत्यादि के बारे में बताया गया। छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को लेकर सामाज में मौजूद मिथ्या को कम करने के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्या के द्वारा बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए उन्हें हर्ष और उल्लास से जीवन व्यतीत करने की सलाह दी तथा मानसिक स्वास्थ्य को और बेहतर बनाए रखने के बारे में भी जानकरी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या डॉ. अंजना सैम्यूल के द्वारा किया गया।

# बढ़ती उमस से फसल में रोग-कीट की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिले में लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर अच्छी फसल की उम्मीद झलक रही है, लेकिन बारिश के बाद बढ़ी उमस अब नई चिंता का कारण बन रही है। वातावरण में अधिक नमी और मध्यम तापमान के चलते धान की फसल में कीट और रोग फैलने की आशंका बढ़ गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह परिस्थिति कीटों और फफूंद जनित रोगों के फैलाव के लिए अत्यंत अनुकूल है। उप संचालक कृषि राजेश भारती ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसल पर लगातार निगरानी रखें और कीट-रोग नियंत्रण के लिए आवश्यक दवा छिड़काव समय पर करें। इस मौसम में धान की फसल पर भूरा माहू, पेनिकल माइट, गंधी बग जैसे कीटों के साथ-साथ शीथ ब्लाइट रोग का प्रकोप देखने को मिल सकता है। शीथ ब्लाइट रोग आमतौर पर खेत की पानी की सतह से शुरू होकर पत्तियों की ऊपरी परत तक फैलता है।

- कृषि अधिकारी बोले-दवा छिड़काव जरूरी

### धान की फसल को ऐसे बचाएं



भूरा माहू, यह कीट पौधों से रस चूसकर उन्हें कमजोर कर देता है।नियंत्रण के लिए ब्यूपरोफेजीन 25 प्रतिशत एससी 800 मिली प्रति हेक्टेयर का प्रयोग करें। वैकल्पिक रूप से पाइमट्रोजिन 50 डब्ल्यूजी 300 ग्राम या ट्राइफ्लूमिथोपाइरम 10 प्रतिशत एससी 235 मिली प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें। खेत में दो दिन पानी भरने के बाद निकालें और यह प्रक्रिया 2-3 दिन के अंतराल में दोहराएं। पेनिकल माइट (लाल मकड़ी)- यह कीट बाली निकलने से लेकर दूध बनने की अवस्था तक दानों से रस चूसता है, जिससे दाने नहीं बनते। नियंत्रण के लिए थियोन 50 प्रतिशत ईजी 400-500 मिली प्रति एकड़ या इमामेक्टिन बेंजोएट 80-100 ग्राम प्रति एकड़ का छिड़काव करें। गंधी बग- यह कीट धान की बालियों से दूध भरते समय रस चूस लेता है, जिससे दाने काले पड़ जाते हैं। नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोपिरिड 6 प्रतिशत प्लस लैम्डा सायहेलोथिन 4 प्रतिशत एसएल 300 मिली प्रति हेक्टेयर का उपयोग करें। शीथ ब्लाइट रोग (चरपा) यह रोग कंसे निकलने की अवस्था तक दिखाई देता है। प्रारंभ में पत्तियों पर 2-3 सेमी लंबे भूरे धब्बे बनते हैं, जो बाद में फैलकर पौधे को झुलसा देते हैं। नियंत्रण के लिए हेक्साकोनाजोल या थायोफ्लूजामाइड कवकनाशी का छिड़काव 10-12 दिन के अंतर से करें। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम की अनुकूलता को देखते हुए फसलों की नियमित निगरानी करें और कीट व रोग के लक्षण दिखने पर तत्काल नजदीकी कृषि केन्द्र से परामर्श लेकर दवा छिड़काव करें, ताकि नुकसान से बचा जा सके।

हेडिंग- रेत खदानों के आवंटन के लिए होगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर। कोरिया जिला सहित संपूर्ण छग राज्य में गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आवंटन छग गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 के अंतर्गत ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना है। इस ई-नीलामी से संबंधित समस्त कार्रवाई निविदा जारी करना, बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी रूप से पात्र बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमान्य बोलीदार का चयन आदि एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपादित की जाएगी। इस प्रक्रिया की सुगमता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल संचालन, बोली प्रक्रिया एवं नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से संभागवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रशिक्षण में जिलाधिकारियों, खनिज अधिकारियों तथा इच्छुक बोलीकर्ताओं को शामिल किया

## बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की लोकप्रिय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के अवसर पर ग्राम पंचायत बंजी की हाईस्कूल में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन सशक्तिकरण मिशन शक्ति हब के द्वारा आयोजित किया गया और इसका संचालन जिला समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाना, उनके आत्मविश्वास और मानसिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति शिक्षित करना था। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्म-सम्मान और आत्म-समर्पण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न इंटरैक्टिव सत्रों, खेल गतिविधियों और संवाद सत्रों में भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।

## सरस मेला में कोरिया का स्वाद छाया दिल्ली में

**बैकुण्ठपुर।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बीते 25 से 28 सितंबर तक आयोजित सरस मेला 2025 में कोरिया जिले के स्व-सहायता समूहों के उत्पादों ने अपनी अलग पहचान बनाई। कोरिया अमृत मोदक और कोरिया अमृत अचार ने स्वाद और गुणवत्ता के दम पर देशभर से आए आगंतुकों का दिल जीत लिया। मेले में जिले के दो स्व-सहायता समूहों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। ज्योति महिला स्व-सहायता समूह ने 200 किलोग्राम से अधिक कोरिया अमृत मोदक की बिक्री कर 88 हजार रूपए की आय अर्जित की तथा जागृति महिला स्व-सहायता समूह ने 260 किलोग्राम अचार तथा 36 किलोग्राम पापड़-बड़ी का विक्रय कर एक लाख रूपए से अधिक की आय प्राप्त की। मेले में उपस्थित विभिन्न विक्रेताओं, खरीदारों और पर्यटकों ने कोरिया जिले के उत्पादों की गुणवत्ता और स्वाद की सराहना करते हुए भविष्य में ऑर्डर देने की इच्छा भी जताई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अब करोड़पति बनने...

आर्थिक और सामाजिक रूप से और मजबूत हो सके। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि समाज में परिवर्तन तभी संभव है जब व्यक्ति सक्रिय रूप से कार्य करें। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे इस शिविर से अधिकतम लाभ लेकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ बनाएं।

TOP IN KORIYA

प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी
पता - होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in



Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा






online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411